**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या – 3388**

दिनांक 07.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

**गाजियाबाद में पासपोर्ट सेवा केन्द्र**

**3388. श्री अतुल गर्ग:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गाजियाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों के दौरान पासपोर्ट सेवा केन्द्र और इससे संबद्ध डाकघर केन्द्रों में आवेदनों पर कार्रवाई करने की क्षमता और अवसंरचनात्मक उन्नयन का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत वर्ष गाजियाबाद जिले के घने शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए तत्काल अनुरोधों सहित पासपोर्ट के कुल कितने आवेदनों पर कार्रवाई की गई;

(ग) गाजियाबाद पुलिस आयुक्त कार्यालय के डिजिटल एकीकरण के माध्यम से पुलिस सत्यापन में लगने वाले कुल समय को कम करने में क्या विशिष्ट सुधार हुए हैं;

(घ) क्या सरकार ने गाजियाबाद में चौदह दिनों की अवधि के भीतर नियमित अप्वाइंटमेंट न मिलने के कारण क्षमता की कमी की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा दैनिक आवेदन प्रक्रिया कोटे में वृद्धि करने और गाजियाबाद पासपोर्ट सेवा केन्द्रों पर अतिरिक्त कार्मिकों को तैनात करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) विदेश मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) और डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) के नेटवर्क का विस्तार और सुदृढ़ीकरण करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश में 6 पीएसके और 52 पीओपीएसके हैं, जिसमें गाजियाबाद में स्थित एक पीएसके भी शामिल है। पीएसके गाजियाबाद को नवंबर 2023 में उन्नत और नवीनीकृत किया गया था। पिछले तीन वर्षों में, आरपीओ गाजियाबाद के क्षेत्र में पीएसके और पीओपीएसके द्वारा दिए जाने वाले अप्वाइंटमेंट स्लॉट की संख्या में अवसंरचनात्मक उन्नयन के अनुरूप उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

(ख) वर्ष 2025 के दौरान, तत्काल योजना के तहत आवेदनों सहित कुल 80,697 पासपोर्ट आवेदन और 1,868 पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) आवेदन पीएसके गाजियाबाद में संसाधित किए गए।

(ग) इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि पुलिस सत्यापन पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया का एक प्रमुख घटक है, मंत्रालय ने पुलिस सत्यापन करने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के पुलिस कर्मियों द्वारा उपयोग के लिए पासपोर्ट सेवा पुलिस ऐप की शुरुआत की है, ताकि पुलिस सत्यापन रिपोर्ट (पीवीआर) को पुलिस स्टेशन से संबंधित आरपीओ को सीधे डिजिटल रूप में शीघ्रता से प्रस्तुत करने में सक्षम बनाया जा सके। पीएसके गाजियाबाद के तहत भी, गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय के साथ एकीकरण के माध्यम से पीवीआर का डिजिटल रूप से प्रसंस्करण किया जाता है।

(घ) और (ङ) मांग में वृद्धि के कारण, मंत्रालय ने पासपोर्ट जारी करने की गति को तेज करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें दैनिक अप्वाइंटमेंटों की संख्या में वृद्धि, विशेष सप्ताहांत अभियान का आयोजन, वॉक–इन अपॉइंटमेंट आदि शामिल हैं। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, आवेदक 'भारत में कहीं से भी आवेदन करें' योजना का लाभ उठा सकते हैं, जिसके तहत भारत में किसी भी पीएसके/पीओपीएसके में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया जा सकता है।

*****